
## II. वित्तीय प्रदर्शन


### निवल लाभ और परिचालन लाभ

वित्त वर्ष 2022 में निवल लाभ 55.19% बढ़कर 31,675.98 करोड़ रुपए हो गया, जबकि वित्त वर्ष 2021 में यह 20,410.47 करोड़ रुपए था। वित्त वर्ष 2022 के लिए आपके बैंक का परिचालन लाभ 5.22% बढ़कर 75,292.37 करोड़ रुपए हो गया, जो वित्त वर्ष 2021 में 71,554.15 करोड़ रुपए था (वित्त वर्ष 2021 में एसबीआई लाइफ से हिस्सेदारी बिक्री से 1,539.73 करोड़ रुपए की असाधारण मद सहित)।




### निवल ब्याज आय

वित्त वर्ष 2022 में निवल ब्याज आय 9.03% बढ़कर 1,20,707.59 करोड़ रुपए हो गई जबकि वित्त वर्ष 2021 में यह 1,10,710.00 करोड़ रुपए थी। वित्त वर्ष 2022 में कुल आय में 3.89% की वृद्धि दर्ज की गई है, जो वर्ष 2021 में 2,65,150.63 करोड़ रुपए से बढ़कर वित्त वर्ष 2022 में 2,75,457.29 करोड़ रुपए हो गई। वित्त वर्ष 2021 के कुल ब्याज खर्च 1,54,440.63 करोड़ रुपए से बढ़कर वित्त वर्ष 2022 में 1,54,749.70 रुपए हो गए। वित्त वर्ष 2022 के दौरान जमा पर ब्याज खर्च में पिछले वर्ष की तुलना में 0.83% की गिरावट दर्ज की गई।




### अन्य आय


वित्त वर्ष 2022 में अन्य आय (असाधारण मद को छोड़कर) 3.32% घटकर 40,563.91 करोड़ रुपए हो गई, जो वित्त वर्ष 2021 में 41,956.64 करोड़ रुपए थी।

### परिचालन खर्च

वित्त वर्ष 2022 में बैंक का परिचालन खर्च (असाधारण मद को छोड़कर) 4.03% बढ़कर 85,979.13 करोड़ रुपए हो गया, जो वित्त वर्ष 2021 में 82,652.22 करोड़ रुपए था।

### प्रावधान एवं आकस्मिकताएं

कुल प्रावधान एवं आकस्मिकता वित्त वर्ष 2021 के 51,143,68 करोड़ रुपए से 29.22% घटकर वित्त वर्ष 2022 में 36,198.00 करोड़ रुपए हो गई। वित्त वर्ष 2022 में किए गए प्रमुख प्रावधान: अनर्जक आस्तियों के लिए 14,086.85 करोड़ रुपए (वित्त वर्ष 2021 में 27,244.35 करोड़ रुपए) और निवेश अवमूल्यन 3,440.10 करोड़ रुपए (वित्त वर्ष 2021 में 3,014.50 करोड़ रुपए) का प्रावधान वर्ष के दौरान किया गया था। 31 मार्च 2022 को बैंक के सकल अनर्जक आस्ति अनुपात (एयूसीए सहित) का प्रावधान 90.20% (पिछले वर्ष 87.75%) है। 31 मार्च 2022 को पीसीआर (एयूसीए को छोड़कर) 75.04% (मार्च 2021 को 70.88%) है।





### आस्ति एवं देयताएँ

मार्च 2022 के अंत में आपके बैंक की कुल संपत्ति 9.99% बढ़कर 49,87,597.41 करोड़ रुपए हो गई, जो मार्च 2021 के अंत में 45,34,429.63 करोड़ रुपए थी। इस अवधि के दौरान, ऋण पोर्टफोलियो में 11.61% की वृद्धि हुई, और वह 24,49,497.79 करोड़ रुपए से बढ़कर 27,33,966.59 करोड़ रुपए हो गया। निवेश 9.60% बढ़कर 13,51,705.21 रुपए से बढ़कर 14,81,445.47 करोड़ रुपए हो गया। घरेलू बाजार में निवेश का एक बड़ा हिस्सा सरकारी प्रतिभूतियों में था।




आपके बैंक की कुल देनदारियां (पूंजी व आरक्षिती को छोड़कर) 9.97% बढ़कर 31 मार्च 2022 को 47,07,509.35 करोड़ रुपए हो गई, जो 31 मार्च 2021 को 42,80,554.44 करोड़ रुपए थीं। जमा राशि 10.06% की वृद्धि के साथ 31 मार्च 2022 को 40,51,534.12 करोड़ रुपए हो गई, जो 31 मार्च 2021 को 36,81,277.08 करोड़ रुपए थी। मार्च 2021 के अंत में 4,17,297.70 करोड़ रुपए की तुलना में उधार में 2.10% की वृद्धि हुई, जो मार्च 2022 के अंत में 4,26,043.38 करोड़ रुपए रहा।




### आरक्षित एवं अधिशेष

9,502.79 करोड़ रुपए की राशि (वित्त वर्ष 2021 में 6,123.14 करोड़ रुपए की तुलना में) सांविधिक आरक्षित निधियों में अंतरित की गई। 538.16 करोड़ रुपए (वित्त वर्ष 2021 में 1,465.12 करोड़ रुपए) की राशि पूंजी आरक्षित निधियों में अंतरित की गई। वित्त वर्ष 2022 में 4,647.87 करोड़ रुपए की राशि (वित्त वर्ष 2021 में 1,928.20 करोड़ रुपए की तुलना में) निवेश उतार-चढ़ाव आरक्षित निधि में अंतरित की गई थी।

### लाभांश

आपके बैंक ने 31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए @ 710% की दर से 7.10 रुपए प्रति शेयर का लाभांश घोषित किया है।

### भारतीय लेखा मानकों इंड एएस (IND AS) के कार्यान्वयन में प्रगति

प्रबंध निदेशक (दबावग्रस्त आस्ति, जोखिम एवं अनुपालन) की अध्यक्षता वाली संचालन समिति बैंक में भारतीय लेखामानकों के कार्यान्वयन की निगरानी कर रही है। आपका बैंक पहले से ही भारतीय लेखामानकों के कार्यान्वयन के लिए तैयार है। हालाँकि, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा बैंकों में भारतीय लेखामानकों के कार्यान्वयन को अगली सूचना तक के लिए टाल दिया गया है।

## III. कोर परिचालन

### 1. खुदरा और डिजिटल बैंकिंग समूह

रिटेल और डिजिटल बैंकिंग, बैंक का सबसे बड़ा बिजनेस वर्टिकल है, जिसमें बैंक की कुल 99.45% शाखाएँ और मानव संसाधन का 98.15% अंश शामिल है। इस समूह में आठ रणनीतिक व्यापार इकाइयां शामिल हैं, जो देश भर में सबसे बड़ी शाखा नेटवर्क चलाती हैं। आपका बैंक अपनी सभी शाखाओं में ग्राहकों की संतुष्टि के लिए प्रतिबद्ध है। विकसित हो रहीं ग्राहक प्राथमिकताएं, विशेष रूप से युवा आबादी की प्राथमिकताएं, वर्धित ग्राहक सुविधा पर ध्यान केंद्रित करने के साथ-साथ, रिटेल बैंकिंग परिदृश्य को बदल रही हैं।

देश भर में आपके बैंक के ग्राहकों की संख्या में तेजी से बढ़ोत्तरी हो रही है, जिसके चलते रिटेल बैंकिंग,जमा राशि जुटाने और अनुकूलित ऋण का विस्तार दोनों क्षेत्रों में ही आपके बैंक का सबसे लाभदायक खंड बन गया है। आपका बैंक देश में सबसे बड़ा गृह ऋण प्रदाता और शिक्षा ऋणों का सबसे बड़ा वितरक बना हुआ है, जो बड़े पैमाने पर समाज की सेवा करने के लिए अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

आपका बैंक प्रौद्योगिकी चालित नवोन्मेष की एक सतत धारा के साथ डिजिटल बैंकिंग डोमेन में अग्रणी बना हुआ है। इसमें एक मल्टी-चैनल डिलीवरी मॉडल है, जो अपने ग्राहकों को किसी भी समय और किसी भी स्थान पर इन लेनदेनों को पूरा करने के लिए एक व्यापक विकल्प प्रदान करता है। आपके बैंक ने विभिन्न माध्यमों - डिजिटल, मोबाइल, एटीएम, इंटरनेट, सोशल मीडिया और शाखाओं में अपने सेवा उत्पादों में वृद्धि की है।

#### क. वैयक्तिक बैंकिंग

#### 1. आवास ऋण

आपका बैंक देश में सबसे बड़ा गृह ऋण प्रदाता बना हुआ है। भले ही महामारी की दूसरी लहर के प्रकोप ने रियल एस्टेट उद्योग को बुरी तरह प्रभावित किया हो, लेकिन पूरे भारत में लॉकडाउन में ढील के साथ गतिविधियों को






राष्ट्रपति इस्टेट शाखा, नई दिल्ली का उद्घाटन

फिर से शुरू करने से गति प्राप्त करने में मदद मिली है। बैंकिंग प्रणाली द्वारा दिए गए जोर ने गृह ऋण/आवासीय अचल संपत्ति में वृद्धि को बढ़ावा देने में मदद की है।

आपके बैंक का गृह ऋण पोर्टफोलियो 2011 में लगभग ₹1 लाख करोड़ से बढ़कर 31 मार्च, 2022 तक ₹5.62 लाख करोड़ हो गया है। संपूर्ण बैंक अग्रिमों के प्रतिशत के रूप में गृह ऋण पोर्टफोलियो का हिस्सा 23.87% था। आपके बैंक ने वित्त वर्ष 2022 में लगभग ₹1.46 लाख करोड़ के गृह ऋण वितरित किए हैं।

**समय के साथ यात्रा (गृह ऋण स्तर):**

₹ लाख करोड़ में

